भारत में अंग्रेजों ने अपनी राजनीतिक सत्ता की स्थापना हेतु विजयी यात्रा, 1757 ई. में प्लासी के युद्ध के साथ ही प्रारंभ कर दी थी, और उपनिवेशवादी व साम्राज्यवादी अश्वमेधी यज्ञ के अश्व को रोकने का जन जागरण तथा आक्रोश 1857 ई. की क्रांति के रूप में उभर कर सामने आया था, इसकी प्रकृति को लेकर इतिहासकारों में हमेशा ही मतभेद रहे हैं, और कुछ इतिहासकारों

अक्षर वार्ता
अंतरराष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका
ISSN 2349-7521, Impact Factor • 6.375
Vol • XIX, Issue • II, December • 2022
MSME Reg. No. UDYAM-MP-49-0005021
"AKSHARWARTA" Monthly International Refereed Journal

मध्यप्रदेश का जनजाति समाज एवं जनजातियों में विवाह परंपरा

श्रीमती शर्मिला मीणा
डॉ. दीप्ति अग्रवाल

1. सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य, स्वामी विवेकानन्द शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा
2. सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य, स्वामी विवेकानन्द शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा

प्रस्तावना:-विवाह का शाब्दिक अर्थ है उद्वह अर्थात वधू को वर के घर ले जाना। हिंदू धर्म में विवाह को 16 संस्कारों में से एक प्रमुख संस्कार माना गया है। हिंदू संस्कृति के अनुसार यह एक सामाजिक प्रथा है जिससे गृहस्थ जीवन का प्रथम चरण माना गया है इसे पाणिग्रहण संस्कार भी कहा जाता है। विवाह का शाब्दिक अर्थ है उत्तरदायित्व का वहन करना भी है। अन्य धर्मों में विवाह एक करार होता है जिसे विषम परिस्थितियों में तोड़ा जा सकता है, किंतु हिंदू धर्म के अनुसार विवाह को जन्म जन्मांतर का संबंध माना गया है।

तूसी मेयर की परिभाषा के अनुसार-

''विवाह की परिभाषा यह है कि वह स्त्री-पुरूष का ऐसा योग है, जिससे स्त्री से जन्मा बच्चा माता-पिता की वैध सन्तान माना जाता है।''

बोगार्डस ने विवाह को परिभाषित करते हुए लिखा है अनुसार, ''विवाह स्त्री और पुरूष के पारिवारिक जीवन में प्रवेश करने की एक संस्था है।'

भारत में अनेक जनजातियां निवास करती हैं।भारत में जनसंख्या के आधार पर सबसे अधिक जनजातियां मध्यप्रदेश में पाई जाती है। 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश की कुल जनसंख्या 72626809 है। मध्यप्रदेश में जनजाति की जनसंख्या 15316784 है मध्य प्रदेश की कुल जनसंख्या का 21.10 प्रतिशत जनजाति जनसंख्या है। जिसमें पुरुषों की जनसंख्या 7719404 तथा महिलाओं की जनसंख्या 7597380 है।

जनजाति एक सामाजिक समूह है जो एक निश्चित भूभाग पर निवास करती हैं। जिसकी अपनी भाषा, सभ्यता एवं सामाजिक संगठन होता है। मध्यप्रदेश में मुख्यता गोंड, भील, बैगा,कोरकू,कोल, सहरिया, भारिया आदि जनजातियां निवास करती हैं। मध्यप्रदेश में निवासरत जनजातियों में विवाह की अनेक विधियां प्रचलित है। जिनमें प्रमुख है:-हरण विवाह, दूध लौटाओ परंपरा, राजीवाजी विवाह, क्रय विवाह, परीक्षा विवाह, परिवीक्षा विवाह, हठ विनिमय विवाह आदि।

उद्देश्य:-

1. जनजाति समाज की सामाजिक एवं विवाह परंपरा का अध्ययन
2. गोंड जनजाति की विवाह परंपरा का अध्ययन
3. भील जनजाति की विवाह परंपरा का अध्ययन
4. बैगाजनजाति की विवाह परंपरा का अध्ययन
5. कोरकू जनजाति की विवाह परंपरा का अध्ययन

मध्य प्रदेश की जनजातियों का क्षेत्रीय वितरण:-

मध्य प्रदेश के मध्य क्षेत्र में निवासरत जनजातियां:- गोंड,कोरकू, बैगा आदि जनजातियां निवास करती है इसमें मुख्यता बैतूल, छिंदवाड़ा, शिवनी, बालाघाट,मंडला, डिंडोरी हरदा आदि जिले आते हैं।

मध्य प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र में निवासरत जनजातियां:- भील, भिलाला, बारेला, पटलिया आदि जनजातियां निवास करती है। इसके अंतर्गत मुख्यता धार, झाबुआ,रतलाम, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर जिले आते हैं।

पूर्वी क्षेत्र में निवासरत जनजातियां:-कोल,संथाल, पनिका आदि जनजाति निवास करती हैं। सीधी, सिंगरौली, शहडोल आदि जिले इसके अंतर्गत आते हैं।

जनजातियों में विवाह परंपरा

गोंड जनजाति में विवाह परंपरा:- गोंड मध्य प्रदेश की दूसरी सबसे बड़ी जनजाति हैं। गोंड जनजाति की उत्पति द्रविड़ मूल से हुई है। गोंड समाज का अस्तित्व आर्य युग से भी पहले का माना जाता है।गोंड स्वयं को कोई अथवा कोईतुरे कहते है गोंड शब्द की उत्पति तेलुगु भाषा के कोंड शब्द से हुई है जिसका आशय पर्वत होता है। अतः पर्वतों पर निवास करने वाली जनजाति गोंड जनजाति है। इनकी मुख्य भाषा गोंडी होती है। गोंड जनजाति दो वर्गों में विभाजित है राजगोंड और घूर गोंड। राजगोंड शासक वर्ग होता है एवं घूर गोंड सामान्य वर्ग होता है। यह जनजाति अपने रीति रिवाज और परंपराओं का दृढ़ता से पालन करती हैं। यह पितृसत्तात्मक प्रधान जनजाति हैं।गोंड जनजाति का मुख्य व्यवसाय कृषि है। गोंड जनजाति का मुख्य भोजन बाजरा ,कोदो, कुटकी है । यह कला एवं संस्कृति से संपन्न जनजाति हैं।

गोंड जाति की कई उपजातियां हैं:-अगरिया, प्रधान, सोलहास, ओझा,नगारची, माडिया,मुड़िया,गोड जाति की उपजातियां हैं।

गोंड जाति की उपजातियां एवं उनकी विशेषता हैं

प्रधान - पूजा पाठ करने वाले
अगरिया - लोहे का काम करने वाले
सोलहास- बढ़ई का काम करने वाले
ओझा - तांत्रिक कार्य करने वाले

विवाह परंपरा

1. दूध लौटाव विवाह परंपरा
2. पठौनी विवाह विवाह परंपरा
3. अपहरण विवाह परंपरा
4. सेवा विवाह परंपरा
5. विनिमय विवाह परंपरा

दूध लौटव विवाह परंपरा:- गोंड जनजाति में भाई के लड़के का विवाह बहन की लड़की के साथ या भाई की लड़की का विवाह बहन के लड़के साथ किया जाता है यह परंपरा दूध लौटव परंपरा कहलाती है।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानंद शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-हरदा (म.प्र.)

मध्यप्रदेश में सहरिया जनजाति : एक विस्तृत अध्ययन

डॉ दीप्ति अग्रवाल सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा
मोबाइल – 9826870607, मेल आईडी – dipti2012-agrawal@gmail-com
श्रीमती शर्मिला मीणा सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा. मेल आईडी –meenasharmila87@gmail-com मोबाइल –8962560052

सारांश

भारत देश में आदिवासी जनजाति समूह एक ऐसा समूह है जो एक निश्चित क्षेत्र में स्वयं की सभ्यता, संस्कृति रहन–सहन और भाषा की परिधि में निवास रखते हैं तथा विकास की दृष्टि से सबसे पिछड़े हुए होते हैं ।सहरिया जनजाति अत्यंत प्राचीन है इसका उल्लेख वैदिक ग्रंथों, बौद्ध ग्रंथों में मिलता है। ऐतिहासिक होने के बावजूद वर्तमान समय में भी जंगलों आसपास के गांवों में इनका अस्तित्व आज भी कायम है। अशिक्षित ,आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण यह जनजाति अत्यंत पिछड़ी हुई है। पारंपरिक रहन–सहन ,धार्मिक मान्यताएं,जादू टोना आदि पर आज भी इनका विश्वास है। वनोपज जीवन का मूल आधार है पर वह भी दलाल के माध्यम से विक्रय होने के कारण केवल मजदूर बनकर रह गए हैं। पूरे विश्व में परिवर्तन की लहर में सहरिया जनजाति अपनी संस्कृति को भूलती जा रही है जिसे सहेजने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में सहरिया जनजाति के आर्थिक धार्मिक सामाजिक जीवन शैली को जानने की आवश्यकता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये शोध का विषय चुना गया है।

मुख्य शब्द-सहरिया जनजाति, ऐतिहासिक, सामाजिक योजनाये

प्रस्तावना

भारत विविधताओं का देश है जहाँ हर जगह विभिन्न संस्कृतियों के रंग बिखरे हुए है। इसी विविधता का लगभग 21.09 प्रतिशत भाग आदिवासी जनजातियों की संस्कृति से सरोबार है। मध्य प्रदेश भौगोलिक दृष्टि से देश के मध्य में स्थित होने के कारण विभिन्न जनजातियों की जीवन शैली और संस्कृतियों को अपने अंदर समेटे हुए हैं। भारत सरकार द्वारा निर्धारित सूची के अनुसार यहां 43 अनुसूचित जनजातियां अपने समूह के साथ निवास करती है जिनकी संख्या लगभग 1 करोड़ 53 लाख 16 हजार 784 है ।यह आबादी देश की जनजातीय आबादी का 14.64 प्रतिशत है मध्यप्रदेश में भील, मिलाला ,बारेला,पटेलिया, बैगा कोरकु गोंड बहुत सी जनजाति है जिसमें बैगा ,भारिया(पातालकोट क्षेत्र)और सहरिया भारत सरकार द्वारा घोषित विशेष पिछड़ी जनजातियां हैं। सहरिया मध्य प्रदेश की उन जनजातियों में से एक है जो विकास की दृष्टि से अत्यंत पिछड़ी हुई और शहरीकरण, तकनीकी बदलाव के कारण अपनी पहचान खोती जा रही है। इन्ही जनजातियों में से सहरिया जनजाति का अध्ययन कर इनकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को उजागर करने का पूरा प्रयत्न किया है ।

उद्देश्य

1 सहरिया जनजाति का ऐतिहासिक, भौगोलिक अध्ययन।
2 सहरिया जनजाति का सामाजिक व शैक्षणिक अध्ययन।
3 मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सहरिया जनजाति के लिए संचालित योजनाओं का अवलोकन।

सहरिया जनजाति का ऐतिहासिक परिदृश्य

सहरिया जनजाति के सहरिया शब्द की उत्पत्ति 'सहर' से हुई है जिसका अर्थ जंगल होता है।

क्रमांक	प्रचलित अवधारणा	आशय
1	सहरिया	'स' का अर्थ साथी तथा ' हरिया' अर्थ शेर इस प्रकार शेर का साथी
2	सकहर	जंगल
3	सौर या सबर	कुल्हाड़ी
4	ब्रह्मा का श्राप	मनुष्य की भीड़ भाड़ से अलग रहकर एकांत व जंगल में निवास
5	सहरिया	भगवान द्वारा उनके शरीर के मेल से उत्पन्न
6	सौरी, शबरी	रामायण समकालीन, शबरी वंशज

Dipti Agrawal

CamScanner

MAH MUL/03051/2012
ISSN: 2319 9318
Vidyawarta®
Peer-Reviewed International Journal
Oct. To Dec. 2022
Special Issue
0187

49

२१ वीं सदी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० की प्रासंगिकता

डॉ. दीपिका सेठे
सहायक प्राध्यापक,
विभागाध्यक्ष गृहविज्ञान
स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय हरदा (म.प्र.)

****

नई शिक्षा नीति २०२० भारत की शिक्षा नीति है जिसे भारत सरकार द्वारा २९ जुलाई २०२० को घोषित किया गया। सन १९८६ में जारी हुई नई शिक्षा नीति के बाद भारत की शिक्षा नीति में यह पहला नया परिवर्तन है। हाल ही में देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लाई गई जिसे सभी के परामर्श से तैयार किया गया है। इसे लाने के साथ ही देश में शिक्षा पर व्यापक चर्चा आरंभ हो गई है। शिक्षा के संबंध में गांधी जी का तात्पर्य बालक और मनुष्य के शरीर, मन तथा आत्मा के सर्वांगीण एवं सर्वोत्कृष्ट विकास से है। इसी प्रकार स्वामी विवेकानंद का कहना था कि मनुष्य की अंर्तनिहित पूर्णता को अभिव्यक्त करना ही शिक्षा है। इन्हीं सब चर्चाओं के मध्य हम देखेंगे कि १९८६ की शिक्षा नीति में ऐसी क्या कमियाँ रह गई थीं जिन्हें दूर करने के लिये नई राष्ट्रीय शिक्षा नति को लाने की आवश्यकता पड़ी। साथ ही क्या यह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति उन उद्देश्यों को पूरा करने में सक्षम होगी जिसका स्वप्न महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद ने देखा था।

सबसे पहले 'शिक्षा' क्या है इस पर गौर करना आवश्यक है। शिक्षा का शाब्दिक अर्थ होता है सीखने एवं सिखाने की क्रिया परंतु अगर इसके व्यापक अर्थ को देखें तो शिक्षा किसी भी समाज में निरंतर चलने वाली सामाजिक प्रक्रिया है जिसका कोई उद्देश्य होता है और जिससे मनुष्य की आंतरिक शक्तियों का विकास तथा व्यवहार को परिष्कृत किया जाता है। शिक्षा द्वारा ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि कर मनुष्य को योग्य नागरिक बनाया जाता है। गौरतलब है कि नई शिक्षा नीति २०२० की घोषणा के साथ ही मानव संसाधन मंत्रालय का नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया है। इस नीति द्वारा देश में स्कूल एवं उच्च शिक्षा में परिवर्तनकारी सुधारों की अपेक्षा की गई है। इसके उद्देश्यों के तहत वर्ष २०३० तक स्कूली शिक्षा में १००% GER के साथ–साथ पूर्व–विद्यालय से माध्यमिक स्तर तक शिक्षा के सार्वभौमिकरण का लक्ष्य रखा गया है।

प्रमुख बातें

(१) नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, २०२० के तहत वर्ष २०३० तक सकल नामांकन अनुपात (Gross Enrolment Ratio & GER) को १००: लाने का लक्ष्य रखा गया है।

(२) नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत शिक्षा क्षेत्र पर सकल घरेलू उत्पाद के ६: हिस्से के सार्वजनिक व्यय का लक्ष्य रखा गया है।

(३) मानव संसाधन प्रबंधन मंत्रालय का नाम परिवर्तित कर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया है।

(४) पाँचवीं कक्षा तक की शिक्षा में मातृभाषा/स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा को शिक्षा के माध्यम के रूप में अपनाने पर बल दिया गया है। साथ ही मातृभाषा को कक्षा–८ और आगे की शिक्षा के लिये प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया है।

(५) देश भर के उच्च शिक्षा संस्थानों के लिये भारतीय उच्च शिक्षा परिषद नामक एक एकल नियामक की परिकल्पना की गई है।

(६) शिक्षा नीति में यह पहला परिवर्तन बहुत पहले लिया गया था लेकिन अबकी बार २०२० में जारी किया गया।

(७) शिक्षा नीति में पांच बातो पर बल दिया गया है – शिक्षा की पहुंच,गुणवता, समानता, जवाबदेही एवं किफायती।

पृष्ठभूमि

भारतीय संविधान के नीति निदेशक तत्वों में कहा गया है कि ६ से १४ वर्ष तक के बच्चों के लिये

प्राचार्य
स्वामी विवेकानंद शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला–हरदा (म.प्र.)

(A High Impact Factor, Quarterly, Peer Reviewed, Referred & Indexed Journal)

NAVJYOT / Vol. XI / Issue - III ISSN 2277-8063

आजादी की लड़ाई में संथालों की भूमिका

डॉ. सी. पी. गुप्ता, सहायक प्राध्यापक (इतिहास)
स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा–461331, मध्यप्रदेश
मोबाइल न. 7974824118 Email-chandrapal.gupta@yahoo.com
डॉ.धर्मेंद्र कोरी, प्राध्यापक (हिंदी) स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
हरदा–461331, मध्यप्रदेश मोबाइल न. 9340402100

वास्तव में ना केवल मनुष्य बल्कि संसार के सभी जीव–जगत और वनस्पतियों को भी आजादी पसंद होती है। आजादी के बिना कोई भी मनुष्य या जीव–जगत अपने जीवन का सर्वांगीण और सतत विकास नहीं कर सकता। इसके साथ ही दूसरा सच यह भी है कि मनुष्य स्वभाव से ही वर्चस्ववादी और शोषणकारी होता है, जिसके लिए वह सतत नीतियां, षड्यंत्र और रणनीतियां भी बनाता रहता है। प्लासी युद्ध के 100 वर्षो के अंदर ब्रिटिश औपनिवेशिक साम्राज्य तथा उसके द्वारा प्रयोगात्मक विधि के क्रियान्वयन से समाज के विभिन्न वर्गों, समुदायों तथा क्षेत्रों में असंतोष के स्वर आंदोलन, विद्रोह और सैनिक विप्लव के रूप में प्रस्फुटित होते रहे हैं। इन विद्रोहों के पीछे अन्य अनेक कारण भी अंतर्निहित थे जैसे कि भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में हस्तक्षेप, नवीन प्रशासनिक नीतियां, करारोपण, स्थानीय अर्थव्यवस्था का ध्वस्त होना, भारत में औपनिवेशिक ब्रिटिश सरकार स्थाई समाज और भू–राजस्व प्राप्त करने के उद्देश्य से जंगलों को काट कर कृषि भूमि का विस्तार कर रही थी। अंग्रेजों का साथ देकर स्थानीय जमींदारों ने जंगली भूमि को कृषि भूमि में बदलकर धान की खेती करवाना प्रारंभ कर दिया था। इस नीति के पीछे अंग्रेजों का उद्देश्य था कि वे अपने देश की आवश्यकता के मुताबिक कृषि उत्पादों का अधिकाधिक उत्पादन करा के उसे भारत से ब्रिटेन निर्यात कर सके।

जंगलों में रहने वाले भारत के मूलनिवासी इसे अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप और शोषण के रूप में देख रहे थे, जबकि तथाकथित सभ्य अंग्रेज भारत के सभी वनवासियों को क्रूर, असभ्य, उग्र, बर्बर एवं असामाजिक मानते थे। जिन्हें स्थाई रूप से बसाकर उन्हें सभ्य एवं पालतू बनाया जाना प्रस्तावित था, क्योंकि असभ्यों को सभ्य बनाने का भार मानो गोरी चमड़ी को उनके ईश्वर ने ठेके पर उपलब्ध कराया था।

1757 ई. की प्लासी की लड़ाई में औपनिवेशिक फिरंगी सत्ता की स्थापना की नींव पड़ने से लेकर 15 अगस्त 1947 ई. तक के काल का अवलोकन करने से यह स्पष्ट हो जाता है, कि इस पूरे कालखंड के दौरान भारतीय किसी न किसी कारण से अंग्रेजों की सत्ता को सदैव चुनौती प्रस्तुत करते रहे हैं। चाहे वह 1770 के दशक का सन्यासी विद्रोह हो या फिर 18 फरवरी, 1946 का शाही नौसेना का विद्रोह अर्थात 190 वर्षो की गुलामी के दौर में भारतीय आजादी की लड़ाई में अपने–अपने क्षेत्रों एवं समुदायों के हितों की रक्षा हेतु लड़े और हारे भी किंतु उन्होंने अपना कभी हौसला नहीं खोया और ना ही वे लड़ने से कभी पीछे हटे।

यहां एक और तथ्य पर विहंगम दृष्टि डालने पर ज्ञात होता है कि अंग्रेजों से भारत का कोई ना कोई वर्ग सदैव लड़ा और हारा किंतु उसने पीछे मुड़कर यह देखने की कोशिश नहीं की, कि आखिर चंद अंग्रेज इतने विशाल देश को गुलाम कैसे बनाए हुए हैं? यह एक यक्ष प्रश्न है! किंतु इसका सामान्य उत्तर है कि हमने अंग्रेजों का प्रतिरोध एक देश के रूप में नहीं, बल्कि एक धर्म, जाति, वर्ग या क्षेत्र के रूप में सदैव किया है, तभी तो जब मराठे लड़ रहे थे तो सिख शांत थे, जब बुंदेला लड़ रहे थे तो गोंड उदासीन थे। हमारे देश का किसान, मजदूर, राजा, प्रजा, शिल्पी, व्यापारी, जागीरदार, संन्यासी, मुंडा, संथाल, भील, हो, अहोम, कोल और भी अनेक आदिवासी समुदाय अकेले लड़ते रहे और दूसरा केवल तमाशबीन बनकर अपने शोषण की इंतहा होने का इंतजार करता रहा और जब उसके शोषण की इंतहा हो गई तो वह लड़ा और फिर दूसरा तमाशबीन की भूमिका में आ गया। आखिरकार जब गांधी जी ने संपूर्ण देश को एकता के सूत्र में पिरोया तो फिर अंग्रेजों को देश से बाहर जाने के अलावा अन्य कोई विकल्प नजर नहीं आया।

स्वामी विवेकानंद शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय जिला–हरदा (म.प्र.)

भारत में अंग्रेजों ने अपनी राजनीतिक सत्ता की स्थापना हेतु विजयी यात्रा, 1757 ई. में प्लासी के युद्ध के साथ ही प्रारंभ कर दी थी, और उपनिवेशवादी व साम्राज्यवादी अश्वमेधी यज्ञ के अश्व को रोकने का जन जागरण तथा आक्रोश 1857 ई. की क्रांति के रूप में उभर कर सामने आया था, इसकी प्रकृति को लेकर इतिहासकारों में हमेशा ही मतभेद रहे हैं, और कुछ इतिहासकारों

Impact Factor
5.307 (SJIF)

RESEARCH HUB
International Peer-Reviewed Multidisciplinary E-Journal

ISSN
2582-9173

76

आदिवासी ही नहीं, आदि स्वतंत्रता सेनानी थे तिलका मांझी

डॉ सी.पी. गुप्ता
सहायक प्राध्यापक (इतिहास)
स्वामी विवेकानंद शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय
हरदा मध्यप्रदेश
मो.नं.- 7974824118
Email-chandrapal.gupta@yahoo.com

सारांश :- *भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास यद्यपि कुछ गिने-चुने नेताओं के इर्द-गिर्द केन्द्रित रहा है, किंतु वास्तविकता यह है कि भारत की आजादी में अनगिनत ऐसे लोगों का योगदान रहा है, जिन्हें इतिहास में नेपथ्य में ढकेल दिया गया है। आदिवासियों का स्वतंत्रता संघर्ष, भारत के अन्य लोगों की तुलना में अलग था, इन्हें केवल अंग्रेजों से ही नहीं अपितु इस देश के जमीदारों और साहूकारों से भी संघर्ष करके आजादी प्राप्त करनी थी। एक बात यहां और महत्वपूर्ण हो जाती है कि आदिवासियों ने बहुत जल्दी अंग्रेजों की नीति और नीयत को समझ लिया था और उन्होंने अंग्रेजों का विरोध करना प्रारंभ कर दिया था। आदिवासी जंगल, जल, जमीन और अस्मिता, अस्तित्व तथा आजादी के लिए सतत संघर्ष करते रहे। इन लोगों से भारत के अन्य लोगों ने सबक नहीं लिया अन्यथा अंग्रेजों को 1947 से पूर्व ही खदेड़ा जा सकता था।*

मुख्य कुंजी शब्द :- उ वादी, उत्पीड़न, जमीदार, साहूकार, पहाड़िया, झूम खेती, जंगल, जल, जमीन मुखिआ आदि।

भूमिका :-

उपनिवेशवादी और साम्राज्यवादी शक्तियों के विरुद्ध भारतवासियों का संघर्ष अपनी अस्मिता, अधिकार और अस्तित्व के साथ-साथ अपने अतीत के गौरव, व्यवस्थाओं, संस्कृति एवं परंपराओं को सुरक्षित और संरक्षित रखने के लिए आक्रमणकारियों के विरुद्ध संघर्ष था। भारत अनादि काल से ही शांति प्रिय देश रहा है। ना तो हमने कभी किसी दूसरे देश पर बेवजह आक्रमण किया और ना ही कभी किसी के आक्रमण को बर्दाश्त किया। यहां यह उल्लेखनीय है कि भारत की भौगोलिक परिस्थितियां ही ऐसी रही हैं कि हमें कभी किसी अन्य राष्ट्र पर आक्रमण करने की आवश्यकता महसूस नहीं हुई, जबकि भारतीय भूमि की उर्वराता, उत्पादकता और संपन्नता आदिकाल से ही बाह्य आक्रांताओं के लिए आकर्षण का केंद्र रही है और इसीलिए भारत तभी से आक्रांताओं के बेवजह आक्रमणों का शिकार हुआ, किंतु वह उन आक्रमणों का सामना करते हुए डटा रहा, उसने ना तो कभी मन से हार मानी और ना ही कभी उनके सम्मुख झुका।

यद्यपि ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी व्यापार के उद्देश्य से भारत में प्रविष्ट हुई थी, किंतु उसने भारतीयों की आपसी प्रतिद्वंद्विता को देखते हुए, उसने राजनीतिक सत्ता स्थापित करने के सपने देखने प्रारंभ कर दिए। भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक साम्राज्यवाद का अंकुरण 1757 ई. के प्लासी युद्ध के साथ ही हो गया था और उसने सुदृढ़ता 1764 के बक्सर युद्ध से प्राप्त की। 1757 ई. से लेकर 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति तक भारत का कोई ना कोई क्षेत्र या समुदाय अंग्रेजों को उनकी शोषणकारी, दमनकारी और लालची प्रवृत्ति को चुनौती प्रस्तुत करता रहा है।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानंद शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-हरदा (म.प्र.)

Impact Factor 5.307 (SJIF) | **RESEARCH HUB** International Peer-Reviewed Multidisciplinary E-Journal | ISSN 2582-9173

भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में संन्यासी-फकीर विद्रोह की भूमिका

डॉ. सी.पी. गुप्ता
सहायक प्राध्यापक (इतिहास)
स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय हरदा मध्यप्रदेश
मो.नं.- 7974824118
Emai Id l-chandrapal.gupta@yahoo.com

सारांश:- *1857 की क्रांति एक युगांतकारी घटना के रूप में भारतीय इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों में अंकित है, किंतु इस महान क्रांति के पूर्व भी भारतीय समाज, अंग्रेजों के शोषण के विरुद्ध पूरी तरह से शांत कभी नहीं रहा। जब हम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का मूल्यांकन करते हैं तो पाते हैं कि 1757 के प्लासी के युद्ध से लेकर 1857 की महान क्रांति तक 40 से भी अधिक बड़े विद्रोह और सैकड़ों की संख्या में छिटपुट क्षेत्रीय विद्रोह हुए, किंतु दुर्भाग्य है कि ये क्षेत्रीय विद्रोह सफलता प्राप्त नहीं कर सके। जिसका प्रमुख कारण इन सभी विद्रोहों में आपसी सामंजस्य, एकता और संगठन का अभाव माना जा सकता है। भारत का दुर्भाग्य रहा है कि ये विद्रोह कभी भी सर्वव्यापी और राष्ट्रीय प्रकृति वाले सिद्ध नहीं हुए, क्योंकि धर्म, भाषा, क्षेत्र, उद्यम और संस्कृति की विविधता के कारण यह विद्रोह एक सीमित दायरे में ही सक्रिय रहे। या यूं कहें कि इस विविधता ने भारतीयों को एकजुट होकर, एक साथ ब्रिटिश औपनिवेशिक साम्राज्य पर हमला नहीं करने दिया। ये विद्रोह असफल होकर भी भारतीयों की शोषण के विरुद्ध लड़ने की इच्छाशक्ति को जरूर चीख-चीख कर अभिव्यक्त करते रहे हैं। ऐसे ही क्षेत्रीय विद्रोहों में* ***सन्यासी-फ़कीर*** *विद्रोह का उल्लेख किया जा सकता है, किंतु भारत का यह दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि संन्यासी विद्रोह इतना सशक्त और विस्तृत क्षेत्र में फैलाव के बाद भी संपूर्ण राष्ट्र को एकजुट नहीं कर सका, अन्यथा अंग्रेजों का भारत में साम्राज्य स्थापित करने का सपना कभी भी पूरा नहीं हो पाता।*

मुख्य कुंजी शब्द:- औपनिवेशिक, रणनीतिक स्ट्रैटिजी, गुरिल्ला युद्ध,निर्धनता, अकाल, उत्पीड़न, साहूकार, आदि।

भूमिका:-

इंग्लैंड के कुछ व्यापारियों ने मिलकर एक कंपनी बनाई, जिसका नाम ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी रखा गया और उसे शाही फरमान द्वारा 31दिसंबर 1600 ई. को विधिवत मान्यता भी प्रदान कर दी गई। यद्यपि प्रारंभ में यह केवल धनाढ्य व्यापारियों और शेयर धारकों की कंपनी थी, जिसका प्रमुख उद्देश्य पूर्व के साथ व्यापार करते हुए ब्रिटिश आर्थिक नीतियों को संरक्षित और सुरक्षित करना था, किंतु धीरे-धीरे इसने भारत में अपनी जड़ें मजबूत कीं और तत्कालीन बेसुध भारतीय शासकों से अनेक ऐसे सुविधायुक्त और विशेषाधिकार युक्त फरमान प्राप्त कर लिए, जिससे उन्हें व्यापार में अतिरिक्त लाभ मिलना प्रारंभ हो गया और यही अतिरिक्त लाभ उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा का कारण बना। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी, व्यापार से उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद में कब बदल गई, भारतीय राजे-रजवाड़ों और जमीदारों को इसका अहसास ही नहीं हुआ। जिसके परिणामस्वरूप भारतीय अर्थव्यवस्था अधिशेष और आत्मनिर्भरता की अर्थव्यवस्था से औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था में जकड़ गई।

दक्षिण भारत में राजनीतिक रूप से स्थापित होने के उपरान्त ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने प्लासी के युद्ध में बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला को षड्यंत्र पूर्वक और इसके उपरांत 1764 ई. के बक्सर के युद्ध में सूझबूझ और कुशल रणनीतिक स्ट्रैटिजी द्वारा भारत की तीन बड़ी शक्तियों- मुगल बादशाह शाहआलम द्वीतीय, बंगाल के पदच्युत नवाब

Impact Factor 5.307 (SJIF)

RESEARCH HUB
International Peer-Reviewed Multidisciplinary E-Journal

ISSN 2582-9173

स्वस्थ्य समाज के निर्माण में योगाभ्यास की भूमिका

डॉ सी.पी. गुप्ता
सहायक प्राध्यापक (इतिहास)
स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय हरदा मध्यप्रदेश
मो.नं.- 7974824118
Email ID -chandrapal.gupta@yahoo.com

सारांश:- *आज पूरी तरह से अस्त-व्यस्त जीवन शैली का वर्तमान समाज और विशेषकर युवाओं में घातक प्रभाव पड़ रहा है, इसका सुधार योग द्वारा ही किया जा सकता है। योग ही मनुष्य के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय भूमिका निभाता हैं। शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक विकास में योग एक सार्थक भूमिका के रूप में पिछले कुछ समय से दिखाई दे रहा है। योग आत्म-साक्षात्कार का भी मार्ग प्रशस्त करता है, साथ ही लंबा और स्वस्थ जीवन जीने की कला भी सिखाता है। अतः योग ही है जो वर्तमान की अनेक सामाजिक बुराइयों का अंत कर सकता है। समत्वं योग उच्यते को हमें स्वीकार करना होगा। जिसका एक अभिप्राय यह भी है कि जैसी आत्मा और जीवन हमारा है, वैसा ही दूसरे का भी है। यदि गीता के इस विचार को हम अपना लेते हैं, तो विश्व में होने वाली अशांति और अराजकता स्वमेव ही समाप्त हो जाएगी। विश्व के बड़े-बड़े बुद्धिजीवी सयुक्त राष्ट्र संघ में बैठकर विचार, मंथन करते हैं कि विश्व को सुखी व समृद्धशाली कैसे बनाया जाए? तथा ऐसा क्या उपाय किया जाए? जिससे विभिन्न राष्ट्रों के बीच शांति, सहअस्तित्व, सहयोग, सद्भावना, समभाव और कमजोर के प्रति उत्तर दायित्व स्थापित हो।*

मुख्य कुंजी शब्द:- प्राणायाम, ध्यान परिसंचरण तंत्र, पाचन तंत्र, श्वसन तंत्र, स्फूर्तिवान, आत्मा, परमात्मा, संवेदनशीलता, सहअस्तित्व, सहयोग, सद्भावना, समभाव आदि

भूमिका:-

योग क्या है? सामान्य भाषा में जुड़ना या जोड़ना अर्थात आत्मा का परमात्मा के साथ जुड़ जाना। गीता में योग की परिभाषा समत्वं योग उच्यते के रूप में की गई है, जिसका आशय है सभी फल-प्रतिफल में समभाव रखना। ऐसी अवस्था में कभी भी मनुष्य के अंदर दुख या तनाव उत्पन्न नहीं होता उसके लिए सुख-दुख, लाभ-हानि, जय-पराजय कोई महत्त्व नहीं रखते। इसी प्रकार समाज शब्द का सामान्य भाषा में अर्थ है व्यक्तियों का समूह। यह समूहन व्यक्तियों के आपसी सद्भाव, जुड़ाव, सहिष्णुता, संवेदनशीलता और दायित्व बोध पर आधारित होता है। अर्थात समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए प्रत्येक प्राणी में सामंजस्य एवं सद्भावना की दृढ़ इच्छाशक्ति का होना अनिवार्य है। स्पष्ट है कि चूंकि समाज व्यक्तियों का समूह है और योग द्वारा व्यक्तियों के सच्चरित्र का निर्माण होता है, जो एक आदर्श समाज का गठन करता है अर्थात योग और समाज एक सिक्के के दो पहलू हैं। समाज जहां योग को पृष्ठभूमि देता है, वहीं योग समाज को उसका वास्तविक लक्ष्य प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाता है। इस प्रकार योग का मनुष्य के जीवन, समाज, राष्ट्र और विश्व सभी पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

समाज एक वृहद शब्द और संस्था है, विश्व के सभी विषयों की सामग्री का स्रोत भी समाज ही है, इसलिए समाज का स्वास्थ्य जैसा होगा उसके अनुरूप ही अन्य विषयों और व्यवस्थाओं का विकास होगा। आज की सभी समस्याओं का केंद्र भी समाज ही है, ऐसी स्थिति में हमें स्वस्थ समाज के निर्माण का कार्य प्राथमिकता से करना होगा। स्वस्थ समाज ही स्वस्थ राष्ट्र की आधारशिला हो सकता है, ऐसे में प्रश्न उठता है कि स्वस्थ समाज का निर्माण कैसे संभव है? स्वाभाविक है, जब समाज की सबसे छोटी इकाई व्यक्ति होता है, तो फिर सुधार की शुरुआत भी व्यक्ति से ही होनी चाहिए। एक स्वस्थ समाज का आधार उसके व्यक्तियों की जीवन शैली होती है, और संयमित जीवन शैली स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क वाले नागरिकों को तैयार करती है और ऐसे नागरिक ऊर्जावान चरित्रवान और समाज हितेषी सिद्ध हो सकते हैं।

स्वाभाविक प्रश्न है कि जीवन शैली का निर्माण इलेक्ट्रिक बटन की तरह नहीं होता की एक झटके में बटन बंद और चालू हो जाये, हमारी बचपन से लेकर किशोरावस्था तक की आदतें ही जीवन शैली हैं, जिसकी शुरुआत बचपन से ही होती है। जीवन

IMPACT FACTOR 5.473(SJIF)

UPA NATIONAL E-JOURNAL

Interdisciplinary Peer-Reviewed Indexed Journal

Special Issue : Volume -9 : Issue-1 (March-2023)

ISSN 2455-4375

120

नारी सम्मान और श्रीरामचरितमानस

डॉ सी.पी. गुप्ता

सहायक प्राध्यापक (इतिहास)

स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर

महाविद्यालय हरदा मध्यप्रदेश

मो.नं.- 7974824118

Email Id - chandrapal.gupta@yahoo.com

सारांश:-

श्रीरामचरितमानस विश्व का सबसे महानतम भक्ति महाकाव्य के रूप में जाना जाता है और इसकी महत्ता इससे सुनिश्चित होती है कि इसे भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व में निवासरत् हिंदुओं के घरों में देखा और सुना जा सकता है। श्रीरामचरितमानस जहां एक ओर विश्व का अद्वितीय साहित्यक एवं भक्ति ग्रंथ है तो वहीं, यह अद्भुत प्रबंध महाकाव्य भी है और इसीलिए इसके कथोपकथन पात्र की परंपरागत छवि, नियत और स्वभाव के सर्वथा अनुकूल रखने की कोशिश की गई है। चूंकि यह ग्रंथ मूलतः अवधी भाषा में लिखा गया है और यह दोहा, चौपाई, छंद और सोरठा की मात्राओं पर पूर्णतः अनुशासित और आबद्ध है, इसी कारण कई स्थानों पर शब्दों का चयन मात्रा एवं भाषा की सुगमता के लिए किया गया है। अतः ऐसे शब्दों का अर्थ शब्दार्थ के साथ-साथ भावार्थ और उसके प्रसंगार्थ समझना ही स्वयं की समझदारी होगी। श्रीरामचरितमानस एक विशाल महाकाव्य है यह सात कांडों में विभाजित हैं और इसमें 12800 पंक्तियां हैं इसमें से कुल 1073 दोहे हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने इसमें लगभग 22000 शब्दों का प्रयोग किया है। जिस समय इसकी रचना की गयी उस समय भारत में मुगलों की एकछत्र राजनीतिक सत्ता स्थापित हो चुकी थी और हिंदू समाज पूरी तरह से निराशा के गर्त में पड़ा कराह रहा था। तभी सूरदास ने जहां एक ओर हंसते-खेलते श्रीकृष्ण का वर्णन करके तत्कालीन समाज में निराशा को नव चेतना और उल्लास में परिवर्तित किया, वहीं दूसरी ओर तुलसीदास ने अपने श्रीरामचरितमानस के द्वारा मानव को आशावादी और कर्मशील बनने की प्रेरणा दी।

तुलसीदास जी ने राजसत्ता को आईना दिखाने के लिए भी इस ग्रंथ की रचना की थी। इसीलिए उन्होंने आदर्श रामराज्य की कल्पना की ओर तत्कालीन राजा को अप्रत्यक्ष रूप से अपनी शासन व्यवस्था में सुधार करने हेतु प्रेरित किया। जब एक बार अकबर का सिपहसालार और दरबारी नवरत्न अब्दुर्रहीम खानखाना ने तुलसीदास जी से अकबर की प्रशासनिक व्यवस्था की तारीफ की तब तुलसीदास जी ने जवाब दिया था कि निश्चित तौर पर खानखाना साहब आपके शहंशाह अकबर ने शासन व्यवस्था का पुनर्गठन किया है और उसमें सुधार भी किया है किंतु उसमें अभी भी न्याय, मानवता और सामाजिक समानता स्थापित करने की जरूरत है।

मुख्य कुंजी शब्द:- ताड़ना, कुदृष्टि , मायाँ , अनल, नारा, धरनी, सिखावन

भूमिका :-

श्रीरामचरितमानस एक ऐसा भक्ति काव्य है, जिसमें जातीय समरसता, लैंगिक समानता, सामाजिक संगठन, आर्थिक नीतियां और करारोपण, राजनीतिक लोकतांत्रिक व्यवस्था, नैतिक नियम, मानवीय मूल्यों और दायित्वों

प्राचार्य
स्वामी विवेकानंद शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-हरदा (म.प्र.)

मध्यप्रदेश में सहरिया जनजाति : एक विस्तृत अध्ययन

डॉ दीप्ति अग्रवाल सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा
मोबाइल – 9826870607, मेल आईडी – dipti2012-agrawal@gmail-com
श्रीमती शर्मिला भीणा सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा. मेल आईडी –meenasharmila87@gmail-com मोबाइल –8962560052

सारांश

भारत देश में आदिवासी जनजाति समूह एक ऐसा समूह है जो एक निश्चित क्षेत्र में स्वयं की सभ्यता, संस्कृति रहन–सहन और भाषा की परिधि में निवास रखते हैं तथा विकास की दृष्टि से सबसे पिछड़े हुए होते हैं ।सहरिया जनजाति अत्यंत प्राचीन है इसका उल्लेख वैदिक ग्रंथों, बौद्ध ग्रंथों में मिलता है। ऐतिहासिक होने के बावजूद वर्तमान समय में भी जंगलों आसपास के गांवों में इनका अस्तित्व आज भी कायम है। अशिक्षित ,आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण यह जनजाति अत्यंत पिछड़ी हुई है। पारंपरिक रहन–सहन ,धार्मिक मान्यताएं,जादू टोना आदि पर आज भी इनका विश्वास है। वनोपज जीवन का मूल आधार है पर वह भी दलाल के माध्यम से विक्रय होने के कारण केवल मजदूर बनकर रह गए हैं। पूरे विश्व में परिवर्तन की लहर में सहरिया जनजाति अपनी संस्कृति को भूलती जा रही है जिसे सहेजने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में सहरिया जनजाति के आर्थिक धार्मिक सामाजिक जीवन शैली को जानने की आवश्यकता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये शोध का विषय चुना गया है।

मुख्य शब्द-सहरिया जनजाति, ऐतिहासिक, सामाजिक योजनाये

प्रस्तावना

भारत विविधताओं का देश है जहाँ हर जगह विभिन्न संस्कृतियों के रंग बिखरे हुए है। इसी विविधता का लगभग 21.09 प्रतिशत भाग आदिवासी जनजातियों की संस्कृति से सरोबार है। मध्य प्रदेश भौगोलिक दृष्टि से देश के मध्य में स्थित होने के कारण विभिन्न जनजातियों की जीवन शैली और संस्कृतियों को अपने अंदर समेटे हुए हैं। भारत सरकार द्वारा निर्धारित सूची के अनुसार यहां 43 अनुसूचित जनजातियां अपने समूह के साथ निवास करती है जिनकी संख्या लगभग 1 करोड़ 53 लाख 16 हजार 784 है ।यह आबादी देश की जनजातीय आबादी का 14.64 प्रतिशत है मध्यप्रदेश में भील, मिलाला ,बारेला,पटेलिया, बैगा कोरकु गोंड बहुत सी जनजाति है जिसमें बैगा ,भारिया(पातालकोट क्षेत्र)और सहरिया भारत सरकार द्वारा घोषित विशेष पिछड़ी जनजातियां हैं। सहरिया मध्य प्रदेश की उन जनजातियों में से एक है जो विकास की दृष्टि से अत्यंत पिछड़ी हुई और शहरीकरण, तकनीकी बदलाव के कारण अपनी पहचान खोती जा रही है। इन्ही जनजातियों में से सहरिया जनजाति का अध्ययन कर इनकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को उजागर करने का पूरा प्रयत्न किया है ।

उदेश्य

1 सहरिया जनजाति का ऐतिहासिक, भौगोलिक अध्ययन।
2 सहरिया जनजाति का सामाजिक व शैक्षणिक अध्ययन।
3 मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सहरिया जनजाति के लिए संचालित योजनाओं का अवलोकन।

सहरिया जनजाति का ऐतिहासिक परिदृश्य

सहरिया जनजाति के सहरिया शब्द की उत्पत्ति 'सहर' से हुई है जिसका अर्थ जंगल होता है।

क्रमांक	प्रचलित अवधारणा	आशय
1	सहरिया	'स' का अर्थ साथी तथा ' हरिया' अर्थ शेर इस प्रकार शेर का साथी
2	सकहर	जंगल
3	सौर या सबर	कुल्हाड़ी
4	ब्रह्मा का श्राप	मनुष्य की भीड़ भाड़ से अलग रहकर एकांत व जंगल में निवास
5	सहरिया	भगवान द्वारा उनके शरीर के मेल से उत्पन्न
6	सौरी, शबरी	रामायण समकालीन, शबरी वंशज

Dipti Agrawal

CamScanner

अक्षर वार्ता
अंतरराष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका
ISSN 2349-7521, Impact Factor - 6.375
Vol - XIX, Issue - II, December - 2022

MSME Reg. No. UDYAM-MP-49-0005021
"AKSHARWARTA" Monthly International Refereed Journal

मध्यप्रदेश का जनजाति समाज एवं जनजातियों में विवाह परंपरा

श्रीमती शर्मिला मीणा
डॉ. दीप्ति अग्रवाल

1. सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य, स्वामी विवेकानन्द शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा
2. सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य, स्वामी विवेकानन्द शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा

प्रस्तावना:- विवाह का शाब्दिक अर्थ है उद्वह अर्थात वधू को वर के घर ले जाना। हिंदू धर्म में विवाह को 16 संस्कारों में से एक प्रमुख संस्कार माना गया है। हिंदू संस्कृति के अनुसार यह एक सामाजिक प्रथा है जिससे गृहस्थ जीवन का प्रथम चरण माना गया है इसे पाणिग्रहण संस्कार भी कहा जाता है। विवाह का शाब्दिक अर्थ है उतरदायित्व का वहन करना भी है। अन्य धर्मों में विवाह एक करार होता है जिसे विषम परिस्थितियों में तोड़ा जा सकता है, किंतु हिंदू धर्म के अनुसार विवाह को जन्म जन्मांतर का संबंध माना गया है।

लूसी मेयर की परिभाषा के अनुसार-

''विवाह की परिभाषा यह है कि यह स्त्री-पुरूष का ऐसा योग है, जिससे स्त्री से जन्मा बच्चा माता-पिता की वैध सन्तान माना जाता है।''

बोगार्डस ने विवाह को परिभाषित करते हुए लिखा है अनुसार, ''विवाह स्त्री और पुरूष के पारिवारिक जीवन में प्रवेश करने की एक संस्था है।'

भारत में अनेक जनजातियां निवास करती हैं भारत में जनसंख्या के आधार पर सबसे अधिक जनजातियां मध्यप्रदेश में पाई जाती है। 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश की कुल जनसंख्या 72626809 है। मध्यप्रदेश में जनजाति की जनसंख्या 15316784 है मध्य प्रदेश की कुल जनसंख्या का 21.10 प्रतिशत जनजाति जनसंख्या है। जिसमें पुरुषों की जनसंख्या 7719404 तथा महिलाओं की जनसंख्या 7597380 है।

जनजाति एक सामाजिक समूह है जो एक निश्चित भूभाग पर निवास करती हैं। जिसकी अपनी भाषा, सभ्यता एवं सामाजिक संगठन होता है। मध्यप्रदेश में मुख्यता गोंड, भील, बेगा,कोरकू,कोल, सहरिया, भारिया आदि जनजातियां निवास करती हैं। मध्यप्रदेश में निवासरत जनजातियों में विवाह की अनेक विधियां प्रचलित है। जिनमें प्रमुख है:-हरण विवाह, दूध लौटाओ परंपरा, राजीबाजी विवाह, क्रय विवाह, परीक्षा विवाह, परिवीक्षा विवाह, हठ विनिमय विवाह आदि।

उद्देश्य:-

1. जनजाति समाज की सामाजिक एवं विवाह परंपरा का अध्ययन
2. गोंड जनजाति की विवाह परंपरा का अध्ययन
3. भील जनजाति की विवाह परंपरा का अध्ययन
4. बैगाजनजाति की विवाह परंपरा का अध्ययन
5. कोरकू जनजाति की विवाह परंपरा का अध्ययन

मध्य प्रदेश की जनजातियों का क्षेत्रीय वितरण:-

मध्य प्रदेश के मध्य क्षेत्र में निवासरत जनजातियां:- गोंड,कोरकू, बैगा आदि जनजातियां निवास करती है इसमें मुख्यता बैतूल, छिंदवाड़ा, शिवनी, बालाघाट,मंडला, डिंडोरी हरदा आदि जिले आते हैं।

मध्य प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र में निवासरत जनजातियां:- भील, भिलाला, बारेला, पटलिया आदि जनजातियां निवास करती है। इसके अंतर्गत मुख्यता धार, झाबुआ,रतलाम, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर जिले आते हैं।

पूर्वी क्षेत्र में निवासरत जनजातियां:-कोल,संथाल, पनिका आदि जनजाति निवास करती हैं। सीधी, सिंगरौली, शहडोल आदि जिले इसके अंतर्गत आते हैं।

जनजातियों में विवाह परंपरा

गोंड जनजाति में विवाह परंपरा:- गोंड मध्य प्रदेश की दूसरी सबसे बड़ी जनजाति हैं। गोंड जनजाति की उत्पति द्रविड़ मूल से हुई है। गोंड समाज का अस्तित्व आर्य युग से भी पहले का माना जाता है गोंड स्वयं को कोई अथवा कोईतुरे कहते है गोंड शब्द की उत्पति तेलुगु भाषा के कोड शब्द से हुई है जिसका आशय पर्वत होता है। अतः पर्वतों पर निवास करने वाली जनजाति गोंड जनजाति है। इनकी मुख्य भाषा गोंडी होती है। गोंड जनजाति दो वर्गों में विभाजित है राजगोंड और धूर गोंड। राजगोंड शासक वर्ग होता है एवं धूर गोंड सामान्य वर्ग होता है। यह जनजाति अपने रीति रिवाज और परंपराओं का दृढ़ता से पालन करती हैं। यह पितृसत्तात्मक प्रधान जनजाति हैं गोंड जनजाति का मुख्य व्यवसाय कृषि है। गोंड जनजाति का मुख्य भोजन बाजरा ,कोदो, कुटकी है । यह कला एवं संस्कृति से संपन्न जनजाति हैं। गोंड जाति की कई उपजातियां हैं:-अगरिया, प्रधान, सोलहास, ओझा,नगारची, माड़िया,मुड़िया,गोंड जाति की उपजातियां हैं।

गोंड जाति की उपजातियां एवं उनकी विशेषता हैं

प्रधान - पूजा पाठ करने वाले
अगरिया - लोहे का काम करने वाले
सोलहास- बढ़ई का काम करने वाले
ओझा - तांत्रिक कार्य करने वाले

विवाह परंपरा

1. दूध लौटाव विवाह परंपरा
2. पठौनी विवाह विवाह परंपरा
3. अपहरण विवाह परंपरा
4. सेवा विवाह परंपरा
5. विनिमय विवाह परंपरा

दूध लौटव विवाह परंपरा:- गोंड जनजाति में भाई के लड़के का विवाह बहन की लड़की के साथ या भाई की लड़की का विवाह बहन के लड़के साथ किया जाता है यह परंपरा दूध लौटव परंपरा कहलाती है।

65

Dr. Dipti Agrawal